भारत सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2204
(उत्तर देने की तारीख 18.12.2025)

सीएसआईआर-राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला पुणे, में आग लगना

2204. श्री रामजी लाल सुमन:
श्री नीरज डांगी

क्या *विज्ञान और प्रौद्योगिकी* मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 27 मार्च, 2017 को सीएसआईआर-राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला पुणे, में आग आग लगने की घटना और उससे संबंधित परियोजना के संबंध में कोई जांच या छानबीन की गई थी;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या जांच पूरी करने में कोई देरी हुई है; और
(घ) यदि हां, तो इसके कारण हैं और समयबद्ध तरीके से जांच पूरी न करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध की गई किसी भी कार्रवाई का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) एवं (ख) जी हाँ । दिनांक 27 मार्च 2017 को सीएसआईआर-राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनसीएल), पुणे में इंडस मैजिक पायलट प्लांट –3 परियोजना साइट पर आग लगने की घटना के संबंध में जांच की गई थी। जांच का विवरण इस प्रकार है:

- सीएसआईआर-एनसीएल की तथ्यान्वेषी समिति की दिनांक 10.04.2017 की रिपोर्ट
- महानिदेशक, सीएसआईआर द्वारा गठित छानबीन समिति की दिनांक 08.06.2017 की रिपोर्ट
- सीएसआईआर-एनसीएल की जॉच समिति की दिनांक 21.02.2018 की रिपोर्ट
- सीएसआईआर-एनसीएल की जॉच समिति की दिनांक 04.12.2019 की रिपोर्ट
- चतुर्श्रृंगी पुलिस स्टेशन, पुणे की दिनांक 08.06.2018 की जॉच रिपोर्ट
- सीबीआई, एसीबी, पुणे की दिनांक 08.05.2019 की सत्यापन रिपोर्ट
- सीबीआई, एसीबी, पुणे की दिनांक 13.09.2021 की स्वत: पूर्ण टिप्पणी सम्बन्धी रिपोर्ट

(ग) जांच पूरी करने में कोई देरी नहीं हुई।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

****